# नगरीय निकायों को पारदर्शी व्यवस्था से जनता को उपलब्ध करानी होंगी बेहतर सेवाएं

- भोपाल में नगरीय प्रशासन मंत्री के साथ महापौरों की बैठक
- नगरीय प्रशासन मंत्रालय मंत्री ने की चर्चा

नव भारत न्यूज

**इंदौर/भोपाल. आज भोपाल में प्रदेश के सभी महापौरों की नगरीय प्रशासन मंत्री के साथ समीक्षा बैठक हुई. बैठक में नगर निगम को आधुनिक तकनीक से जोड़ने और पारदर्शी बनाने के लिए कई निर्णय लिए गए. साथ ही नगर पालिका को आर्थिक सुदृढ़ करने के लिए चुंगी क्षतिपूर्ति राशि समय और पूरी पर देने की मांग भी की गई.**



आज भोपाल नगरीय प्रशासन मंत्रालय में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के साथ प्रदेश के सभी नगर निगमों के महापौरों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई. बैठक में राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, एसीएस संजय दुबे और विभागीय अधिकारी भी उपस्थित थे. बैठक के दौरान महापौर परिषद के प्रदेश अध्यक्ष पुष्यमित्र भार्गव के नेतृत्व में सभी महापौरों ने अपने-अपने शहरों से जुड़े विषयों पर मंत्री विजयवर्गीय को नगर निगम की विभिन्न योजनाओं को लागू करने और डिजिटलाइजेशन करने में आ रही समस्याओं से अवगत कराया. सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा बैठक में कर्मचारियों की कमी और नई भर्ती करने की अनुमति देने का था. मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि नगरीय निकायों को आधुनिक तकनीकों और पारदर्शी व्यवस्था के माध्यम से जनता को बेहतर सेवाएं उपलब्ध करानी होंगी. इसके लिए जो अवश्यकता होगी, उसकी पूरी की जाएगी।

### बैठक में निम्न निर्णय लिए गए

- चुंगी का पैसा समय पर और पूर्ण रूप से प्राप्त हो.
- प्रदेश के सभी नगर निगमों द्वारा एनर्जी ऑडिट कराया जाएगा.
- हर हफ्ते महापौर-परिषद (एमआईसी) की बैठक अनिवार्य होगी.
- शहर में सड़कों की रिस्टोरेशन की गुणवत्ता की जांच और राज्य स्तरीय दल द्वारा निरीक्षण होगा.
- बिल्डिंग परमिशन से संबंधित डेटा फॉर्मेट को सरल बनाकर सीधे निर्देश जारी करने की व्यवस्था होगी.
- लीज से जुड़े लंबित प्रकरणों को सूचीबद्ध कर शीघ्र निराकरण करने जोर दिया गया.
- प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता के लिए नवीन तकनीकों का उपयोग करना बेहतर होगा.
- डीजल बचत के लिए डिजिटलाइजेशन और कर्मचारियों की फेस अटेंडेंस व्यवस्था लागू की जाए.
- नगरीय निकायों का खर्च कम करने के लिए नई व्यवस्था तकनीक को अपनाया जाए.
- निकाय स्तर पर रिक्त पदों पर नियुक्तियां की जाएं।




# नगर निगम राजस्व विभाग ने की 27 दुकानें सील

- 11 लाख रुपए संपत्ति कर नहीं किया था जमा

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** नगर निगम के राजस्व अमले ने आज 27 दुकानें सील करने की कार्रवाई की. उक्त कारवाई निगम ने करीब 11 लाख रुपए संपत्ति कर जमा नहीं करने के कारण की है. निगम ने दुकानें सील करने के साथ आगे चल संपत्ति जब्त करने की चेतावनी बकायादारों को दी है.

नगर निगम झोन क्रमांक 3 के राजस्व विभाग ने आज चिकमंगलूर मैदान पर स्थित जगन्नाथ नारायण धर्मदा ट्रस्ट की 27 दुकानें सील कर दी. नगर निगम ने उक्त दुकानों का संपत्ति कर जमा करने के कई बार नोटिस दिए , लेकिन इसके बाद भी पिछले तीन सालों से संपत्तिकर जमा नहीं किया जा रहा है. 27 दुकानों पर नगर निगम का 10 लाख 96 हजार से ज्यादा संपत्तिकर बकाया है। आज निगम के राजस्व अमले ने सभी दुकान सील कर दी. नगर निगम सहायक राजस्व अधिकारी अनिल निकम ने बताया कि आयुक्त, अपर आयुक्त और उपयुक्त राजस्व के आदेश पर कारवाई की गई है. आज दुकानें सील की है , यदि संपत्ति कर जमा नही किया तो आगे चल संपत्ति कार और अन्य सामान जब्त करने की कारवाई की जाएगी.

# फूड वेण्डर स्वच्छता और खाद्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करें

## लोक कल्याण मेला अन्तर्गत स्ट्रीट फूड वेण्डरों को खाद्य सुरक्षा एवं मानकों का प्रशिक्षण

**इन्दौर. शासन के निर्देशानुसार आयोजित लोक कल्याण मेला के अंतर्गत शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुसार एफ.एस.एस.ए.आई. टीम द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से जुड़े फूड से संबंधित हितग्राहियों अथवा स्ट्रीट फूड वेण्डरों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया.**



महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं प्रभारी मनीष शर्मा मामा ने बताया कि यह प्रशिक्षण शहरी गरीबी उपशमन विभाग / डे-एन.यू.एल.एम. विभाग, नगर पालिक निगम इन्दौर के तत्वावधान में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य स्ट्रीट फूड व्यवसाय से जुड़े हितग्राहियों को खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता, खाद्य मानकों एवं आवश्यक उपकरणों के बारे में जागरूक करना एवं उन्हें सुरक्षित व गुणवत्तापूर्ण खाद्य प्रदाय हेतु सक्षम बनाना था. इस अवसर पर डे-एन.यू.एल.एम. विभाग के अपर आयुक्त नरेन्द्र पाण्डे एवं प्रभारी सहायक आयुक्त वीरेन्द्र उपाध्याय विशेष रूप से उपस्थित रहे. साथ ही सिटी मिशन मैनेजर एवं पीएम स्वनिधि योजना प्रभारी राजवीर धाकड़, सिटी मिशन मैनेजर किसना बनाईत, दीप्ती रावत शर्मा एवं यशि श्रीवास्तव (ट्रेनिंग एजेंसी यारी क्वालिटेक से), एन.आर.वाई. अधीक्षक रघुवीर यादव तथा सामुदायिक संगठक प्रशांत रायकवार, सौरभ गोयल, विष्णु मालवीय, विनीता तिवारी, नीता वर्मा, वंदना वर्मा, सोनाली पाटिल एवं अनीता अनुसुने सहित अन्य निकाय के कर्मचारी उपस्थित रहे. एफएसएसएआई टीम द्वारा प्रशिक्षण के दौरान फूड वेण्डरों को यह बताया गया कि वे किस प्रकार अपने कार्यस्थल को स्वच्छ रखें, खाद्य सामग्री के सुरक्षित भंडारण, पानी की स्वच्छता, बर्तन एवं उपकरणों की स्वच्छता तथा ग्राहकों को प्रदाय किए जाने वाले खाद्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करें. प्रशिक्षण में फूड सेफ्टी लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया की जानकारी भी प्रदान की गई. इस प्रशिक्षण से लाभान्वित होकर हितग्राहियों ने खाद्य सुरक्षा संबंधी आवश्यक जानकारी प्राप्त की और भविष्य में अपने व्यवसाय में इन मानकों को अपनाने का संकल्प लिया.

### खाद्य संस्कृति का अहम हिस्सा

अपर आयुक्त नरेन्द्र पाण्डे ने इस अवसर पर कहा कि स्ट्रीट फूड वेण्डर शहर की खाद्य संस्कृति का अहम हिस्सा हैं. यदि वे स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करेंगे, तो न केवल उनका व्यवसाय सुदृढ़ होगा, बल्कि नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य उपलब्ध होगा.

# महाराजा अग्रसेन के मार्ग पर चलकर ही राष्ट्र को बना सकते हैं समृद्ध एवं संस्कारित

- अग्रवाल समाज पूर्व क्षेत्र द्वारा आयोजित सामाजिक सम्मेलन में बोले महापौर




इंदौर. शहर में अग्रवाल समाज अपने नाम के अनुरूप प्रत्येक सेवा कार्य में अग्रणी बना हुआ है. उत्सवप्रिय इस समाज के सभी आयोजन अन्य समाजों के लिए भी प्रेरणा और ऊर्जा का केन्द्र होते हैं. महाराजा अग्रसेन के आदर्श,सिद्धांत आज भी सभी समाजों के लिए प्रासंगिक और शाश्वत हैं. महाराजा अग्रसेन द्वारा दिखाए गए समता और समरसता के मार्ग पर चलकर ही हम समाज और राष्ट्र को समृद्ध एवं संस्कारित बना सकते हैं।

ये विचार हैं महापौर पुष्यमित्र भार्गव के, जो उन्होंने अग्रवाल समाज पूर्वी क्षेत्र की मेजबानी में मालवा मिल अनाज मंडी स्थित अग्रसेन धाम पर आयोजित सामाजिक सम्मेलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों के दौरान अतिथि के रूप में व्यक्त किए. इसके पूर्व समाजसेवी एवं संगठन के प्रमुख परामर्शदाता पी.डी. अग्रवाल कांट्रेक्टर, संयोजक गणेश गोयल, अजय गोयल, सह संयोजक गोविंद गर्ग भमोरी एवं नरेश मित्तल ने सम्मेलन में आए समाजसेवी एवं केन्द्रीय समिति के अध्यक्ष प्रेमचंद गोयल, टीकमचंद गर्ग, दिनेश मित्तल, विष्णु बिंदल, अशोक ऐरन, प्रयोग गर्ग, नारायण अग्रवाल, प्रकाश मोमबत्ती, प्रवेश अग्रवाल सौम्या, जगदीश बाबाश्री, निकेत मंगल, महेश मित्तल, शैलेष गर्ग, मनीष खजांची, ओमप्रकाश कोल, सुनील ऐरन एवं अन्य सभी मेहमानों का स्वागत किया. कार्यक्रम में नगर निगम सभापति मुन्नालाल यादव, एमआईसी सदस्य नंदकिशोर पहाड़िया, नंदानगर सांस्कृतिक मंच के सोनू अग्रवाल, भाजपा के नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा भी विशेष रूप से उपस्थित थे. कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन एवं कुलदेवी महालक्ष्मी की 1008 दीपों से महाआरती के साथ हुआ, जिसमें पूर्व क्षेत्र की 60 कालोनियों के हजारों समाजबंधुओं एवं महिलाओं ने परंपरागत परिधान में शामिल होकर भाग लिया. संचालन गोविंद गर्ग ने किया. आभार माना नरेश मित्तल ने.

# हमारा प्रयास रहेगा नागरिकों की समस्या का शीघ्र निराकरण हो : निगमायुक्त

### निगम की जनसुनवाई में 32 आवेदन हुए प्राप्त



इंदौर. नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव द्वारा निगम मुख्यालय में आज जनसुनवाई की गई. निगमायुक्त द्वारा अपने कक्ष में निगम के समस्त अपर आयुक्त, उपायुक्त, सहायक आयुक्त, अधीक्षण यंत्री एवं विभाग प्रमुख के साथ जनसुनवाई की गई. इस अवसर पर आयुक्त द्वारा जनसुनवाई मे प्राप्त आवेदनो को तत्काल निराकरण करने के भी निर्देश दिये गये.

आयुक्त श्री यादव ने कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त निगम स्तर की शिकायतों का समय सीमा में पूरा किया जाए, उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन और मेयर हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों की लगातार मॉनिटरिंग करके उसका समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए है. साथ ही उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण हो, झोनल कार्यालय में आए शिकायती आवेदनों का झोन स्तर पर ही समय सीमा में निराकरण किया जाएगा. जन सुनवाई के दौरान नागरिकों द्वारा राजस्व, मार्केट, भवन अनुज्ञा, स्वास्थ्य विभाग, रिमूव्हल विभाग, सीवरेज विभाग, जनकार्य विभाग सहित अन्य विभागों के 32 आवेदन आयुक्त महोदय के समक्ष प्रस्तुत किये गये. आयुक्त द्वारा नागरिकों को समक्ष में सुना गया. प्राप्त आवेदन को आयुक्त कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान उपस्थित अपर आयुक्त, उपायुक्त, सहायक आयुक्त व विभाग प्रमुख को तत्काल प्रेषित कर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये.

# सही इंश्योरेंस पॉलिसी का चुनाव जरूरी

**इंदौर.** त्यौहारों का सीजन भारतीयों के लिए नई खुशियाँ और बड़ी खरीदारी का समय होता है. विशेष ऑफर और शुभ मुहूर्त के कारण, बहुत से लोग इस दौरान अपने सपनों की नई गाड़ी घर लाते हैं। लेकिन, नई गाड़ी खरीदते समय एक बात का ध्यान रखना बेहद ज़रूरी है, सही इंश्योरेंस पॉलिसी का चुनाव.

आपकी गाड़ी का इंश्योरेंस होना सिर्फ़ एक कानूनी अनिवार्यता नहीं है. यह एक ऐसा वित्तीय सुरक्षा कवच है, जो किसी भी अनहोनी या दुर्घटना की स्थिति में आपको और आपकी गाड़ी को बड़े नुकसान से बचाता है. पारंपरिक रूप से, गाड़ी के लिए इंश्योरेंस लेना एक मुश्किल और जटिल काम रहा है. इसमें कागज़ी कार्यवाही, लंबी प्रक्रिया और जानकारी की कमी से ग्राहकों को अक्सर परेशानी होती थी. लेकिन, अब फोन पे ने अपने डिजिटल-फर्स्ट सॉल्यूशन के साथ, इंश्योरेंस खरीदने के तरीकों को पूरी तरह से सरल, पारदर्शी और किफ़ायती बना दिया है. नई गाड़ी खरीदने वालों को अक्सर डीलरशिप से मिलने वाले पारंपरिक इंश्योरेंस प्लान काफी महंगे पड़ते हैं. इसी समस्या को हल करने के लिए, फोनपे ने टू-व्हीलर और फोर-व्हीलर के लिए, एक नया व्हीकल इंश्योरेंस पेश किया है. जिसका उद्देश्य ग्राहकों को ऑनलाइन और किफ़ायती विकल्प उपलब्ध कराना है. इस नई सुविधा के ज़रिए, ग्राहक अब सीधे फोनपे ऐप पर कई इंश्योरेंस कंपनियों की पॉलिसियों की तुलना कर सकते हैं और अपनी ज़रूरतों के अनुसार सबसे बेहतर पॉलिसी खरीद सकते हैं. यह कोई लिमिटेड-टाइम फेस्टिवल ऑफर नहीं है. यह गाड़ी खरीदने वाले सभी लोगों के लिए, फ़ोनपे ऐप पर दिया जा रहा एक स्टैंडर्ड फीचर है. यह प्लान आपके इंश्योरेंस खरीदने के पूरे अनुभव को आसान बनाने के साथ सेविंग भी करता है जिससे त्यौहारों का मौसम और भी खुशनुमा हो जाता है. आप अलग-अलग इंश्योरेंस कंपनियों के कई प्लानों की आसानी से तुलना कर सकते हैं.

एक नजर में | रोटरी क्लब ऑफ इंदौर प्रोफेशनल्स ने किया सम्मान

# शासकीय स्कूलों के 52 शिक्षक नेशन बिल्डर अवार्ड से सम्मानित



इंदौर. रोटरी क्लब ऑफ इंदौर प्रोफेशनल्स द्वारा आज प्रतिष्ठित नेशन बिल्डर अवार्ड से जिले के विभिन्न शासकीय विद्यालयों के 52 शिक्षकों को नवाज़ा गया.

मुख्य अतिथि रेनांसा यूनिवर्सिटी के निदेशक, शिक्षाविद, रणनीतिज्ञ श्री स्वप्निल कोठारी ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण की सबसे अहम कड़ी है और यह सबसे सम्मानजनक पेशा है. क्लब के अध्यक्ष भानु तापडिया ने सभी शिक्षकों और अतिथियों का स्वागत किया. क्लब के सचिव सुनील अत्री ने सबका आभार माना. क्लब की लिटरेसी डायरेक्टर दिव्या डफरिया ने आयोजन का महत्व सबके सामने रखा. विशेष अतिथि संयुक्त संचालक, शिक्षा विभाग, इंदौर अनीता चौहान ने बताया कि अभाव में भी व कम संसाधनों में भी सरकारी स्कूलों के शिक्षक अपने प्रयासों द्वारा विद्यार्थियों में उत्कृष्टता लाते हैं. रोटरी मंडलाध्यक्ष सुशील मल्होत्रा ने आधुनिक शिक्षा में संस्कारों के समावेश के महत्व पर प्रकाश डाला. पूर्व रोटरी जोन चेयर नितिन डफ़रिया ने बताया कि किस तरह रोटरी अपनी गतिविधियों के द्वारा राष्ट्र में पूर्ण शिक्षा का लक्ष्य प्राप्त करने का प्रयास कर रहा है. शिक्षाविद उपेंद्र धर ने रोटरी क्लब की प्रशंसा की. अतिथियों ने शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया.

कार्यक्रम में रोटरी मंडल की प्रथम महिला रूबी मल्होत्रा, रोटरी पब्लिक इमेज चेयर घनश्याम सिंह, साक्षरता को-चेयर रेणु सिंह सहित अनेक रोटेरियन्स शामिल थे. संचालन अखिलेश खण्डेलवाल व पूजा अग्रवाल ने किया. शिक्षकों की तरफ़ से आभार भगवती प्रसाद पंडित एवं रोटरी क्लब की तरफ़ से अक्षत गुप्ता ने व्यक्त किया.

## एक नजर में

### त्योहारों का जश्न टेक्नो की पोवा 7 5जी सीरीज़ के साथ

इंदौर. इस दिवाली, टेक्नो मोबाइल अपने नए स्मार्टफोन्स पर ज़बरदस्त ऑफ़र लेकर आ रहा है, जो फ्लिपकार्ट बिग बिलियन डेज़ सेल 2025 में मिलेंगे. त्योहारों का जश्न और भी शानदार तरीके से मनाने के लिए, टेक्नो और फ्लिपकार्ट 22 सितंबर से मिलकर एक शानदार शॉपिंग ऑफ़र शुरू कर रहे हैं। बेहतरीन सिग्नल कनेक्टिविटी, शानदार डिज़ाइन, उपयोगी एआई और लाजवाब ऑफ़र्स के साथ, टेक्नो हर ग्राहक का त्योहार और भी रोशन, स्मार्ट और आकर्षक बना रहा है. पोवा 7 5जी सीरीज़ : बेहतरीन, स्मार्ट, तेज़ : पोवा 7 5जी सीरीज़ आपको एक नया अनुभव देता है. अपने आकर्षक मल्टी-फ़ंक्शनल डेल्टा लाइट इंटरफ़ेस के साथ, इसमें मौजूद एलईडी लाइट्स म्यूज़िक, कॉल, वॉल्यूम बदलने और नोटिफ़िकेशन पर चमकती हैं. मुख्य आकर्षणरू मल्टी-फ़ंक्शनल डेल्टा लाइट इंटरफ़ेस. अल्ट्रा-स्मूथ परफ़ॉर्मेंस के लिए डी7300 अल्टीमेट प्रोसेसर।.भारतीय भाषाओं की विस्तृत सपोर्ट के साथ एला एआई.

### फोनपे का किफायती फ़ायरक्रैकर इंश्योरेंस

इंदौर. फोनपे ने आने वाले त्यौहारों के सीज़न से ठीक पहले, पटाखों से होने वाली दुर्घटनाओं से सुरक्षा देने के लिए कॉम्प्रिहेंसिव इंश्योरेंस कवरेज को फिर से लॉन्च किया है. फोनपे ने फ़ायरक्रैकर इंश्योरेंस प्लान को फिर से पेश किया है, ताकि लोग बिना किसी चिंता के त्यौहार मना सकें. सिर्फ 11 रुपए की मामूली से फ़ीस पर, खरीदार 25,000 तक की बीमित राशि का लाभ उठा सकते हैं और एक ही पॉलिसी के तहत अपने पूरे परिवार को, जिसमें वे खुद, उनके पति/पत्नी और 2 बच्चे शामिल हैं, को सुरक्षित कर सकते हैं. यह कवरेज 12 अक्टूबर 2025 से शुरू होकर 11 दिनों के लिए वैलिड है। अगर पॉलिसी इस तारीख़ के बाद खरीदी जाती है, तो पॉलिसी खरीदने की तारीख़ से 11 दिनों तक प्रभावी रहेगी. इस प्लान को इस तरह डिजाइन किया गया है ताकि यह ग्राहकों के लिए इसे खरीदना बहुत ही सरल, पारदर्शी और किफायती हो.

### नवरात्रि पर्व पर साबूदाना की मांग में भारी उछाल

इंदौर. साबूदाना और अन्य शुद्ध पोषक फरियाली उत्पादों के विश्वसनीय निर्माता, साबु ट्रेड प्राइवेट लिमिटेड, सेलम के संस्थापक चेयरमैन गोपाल साबु ने जानकारी दी कि हाल ही में घोषित नई जीएसटी दरों के अनुसार, टेपियोका स्टार्च पर वर्तमान 12% जीएसटी दर को घटाकर 5% किया गया है. इस संशोधन से टेपियोका स्टार्च आधारित उद्योग–विशेषकर खाद्य, कपड़ा, फार्मास्यूटिकल, चिपकने वाले (एडेसिव) और कागज उद्योगों–को लागत में राहत मिलेगी और आम उपभोक्ताओं को भी सस्ते दर पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद मिल सकेंगे. साबु ट्रेड कंपनी वर्ष 1993 से ही सेलम में स्टार्च उद्योग से जुड़ी हुई है. इस वर्ष साबूदाना की कीमतें पिछले वर्षों की तुलना में काफी कम रही हैं, जिससे उपभोक्ताओं के लिए यह और अधिक सुलभ हुआ है. साथ ही व्रत-उपवास के लिए साबूदाना एक लोकप्रिय, स्वादिष्ट और पोषणयुक्त विकल्प बना हुआ है। इसका असर यह हुआ कि इस वर्ष नवरात्रि से पहले ही, देश-विदेश से आने वाली दिशावर मंडियों से साबूदाना की मांग लगभग 1.5 गुना बढ़ गई है.

### कोटक लाइफ ने लॉन्च किया 'एज'

इंदौर. कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने अपने 25 साल पूरे होने पर एक नया प्लान कोटक एज (अर्ली डिफाइंड गारंटीड अर्निंग्स) लॉन्च करने की घोषणा की है. यह एक ऐसा इंश्योरेंस प्लान है जो आज के ग्राहकों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है. इसमें ग्राहकों को जल्दी और नियमित इनकम मिलेगी, जिससे उन्हें अतिरिक्त आय का साधन मिलेगा. कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस के मैनेजिंग डायरेक्टर महेश बालासुब्रमण्यन ने कहा कि हमारी 25 साल की यात्रा हमेशा इस सोच से जुड़ी रही है कि ग्राहकों के जीवन में बदलाव आता रहता है, इसलिए वित्तीय समाधान भी बदलने चाहिए. कोटक एज भी एक ऐसा ही समाधान है, जो लंबी अवधि की सुरक्षा और फाइनेंशियल स्थिरता से समझौता किए बिना शुरुआती कुछ महीनों बाद ही रेगुलर इनकम के रूप में सपोर्ट करता है.

### पत्रकार राहुल देव का व्याख्यान 28 को



इंदौर. सामाजिक सांस्कृतिक संस्था सेवा सुरभि द्वारा 28 सितम्बर को सुबह 9.15 बजे से साउथ तुकोगंज स्थित जाल सभागृह में देश के प्रख्यात पत्रकार राहुल देव के व्याख्यान का आयोजन रखा गया है. गांधी जयंती की पूर्व बेला में श्री देव वैश्विक-राष्ट्रीय : धार्मिक कटुताएं और गांधी दर्शन जैसे प्रासंगिक विषय पर अपने विचार व्यक्त करेंगे. संस्था सेवी सुरभि की ओर से ओमप्रकाश नरेड़ा, अनिल त्रिवेदी, कुमार सिद्धार्थ, अतुल शेठ एवं रंगकर्मी संजय पटेल ने बताया कि शुभारंभ प्रसंग पर पद्मभूषण पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन एवं सांसद शंकर लालवानी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे. इसके पूर्व भक्ति संगीत का आयोजन भी यश शर्मा और उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा. कार्यक्रम सभी प्रबुद्ध श्रोताओं के लिए खुला है.

### कैलिफोर्निया बादाम के साथ वर्ल्ड हार्ट डे मनाएं

इंदौर. इस वर्ष वर्ल्ड हार्ट डे की थीम है धड़कन न छूटे- एक मजबूत संदेश कि हृदय रोग के कारण अनगिनत लोग समय से पहले अपनी जान गंवा रहे हैं. भारत के लिए यह चेतावनी और भी गंभीर है, क्योंकि यहाँ हृदय रोगों का बोझ तेजी से बढ़ रहा है. वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन का कहना है कि महिलाएं अक्सर पहले ही दिल के दौरे में पुरुषों की तुलना में ज्यादा गंभीरता झेलती हैं और उनकी मृत्यु दर भी अधिक होती है. वहीं युवाओं में दिल के दौरे तेजी से बढ़ रहे हैं. इससे बचने का एक आसान लेकिन असरदार तरीका है- दिल के लिए फायदेमंद आदतें अपनाना, जैसे कि रोज़ाना आहार में कैलिफोर्निया बादाम को शामिल करना. न्यूट्रिशन और वेलनेस कंसल्टेंट शीला कृष्णास्वामी ने कहा भारत में हृदय रोगों की बढ़ती संख्या को देखते हुए यह बेहद ज़रूरी है कि हम ऐसे खाद्य पदार्थों पर ध्यान दें जो सिर्फ कोलेस्ट्रॉल कम करने तक सीमित न हों, बल्कि समग्र हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा दें। बादाम पोषण से भरपूर एक सुपरफूड हैं, जिनमें हेल्दी फैट,, फाइबर, एंटीऑक्सिडेंट्स, और कई आवश्यक विटामिन्स और मिनरल्स पाए जाते हैं.

### पीएनजी ज्वैलर्स ने उत्सव विस्तार की शुरुआत की

इंदौर. पीएनजी ज्वैलर्स इस नवरात्रि में एक और उपलब्धि हासिल करने के लिए तैयार है. इस नवरात्रि में 6 स्टैंडअलोन पीएनजी ज्वैलर्स शोरूम और मौजूदा पीएनजी स्टोर्स में 4 लाइटस्टाइल शॉप-इन-शॉप काउंटर लॉन्च किए जा रहे हैं। मुंबई, पुणे, कोल्हापुर, लखनऊ, कानपुर और नागपुर सहित प्रमुख शहरों में स्टोर खोले जाएँगे. इस अभियान के उपलक्ष्य में, पीएनजी ज्वैलर्स सभी नए पीएनजी शोरूम में सोने के आभूषणों के मेकिंग चार्ज पर 50% तक और हीरे के आभूषणों के मेकिंग चार्ज पर 100% तक की छूट दे रहा है. इस अभियान पर पीएनजी ज्वैलर्स के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ. सौरभ गाडगिल ने कहा इस नवरात्रि, हम न केवल त्योहार का जश्न मना रहे हैं, बल्कि उस विश्वास और प्यार का भी जश्न मना रहे हैं जो हमारे ग्राहकों ने पीढ़ियों से हम पर दिखाया है. इस नवरात्रि, 10 स्थानों पर लॉन्च होना एक ऐतिहासिक उपलब्धि है और शुद्धता, शिल्प कौशल और नवीनता के हमारे मूल्यों पर कायम रहते हुए, सुलभता का विस्तार करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है. अपने स्टोर्स में लाइटस्टाइल शॉप-इन-शॉप काउंटर पेश करके, हमारा लक्ष्य युवा ग्राहकों के लिए एक जीवंत संपर्क बिंदु बनाना है, जो हमारे पुराने संग्रहों को पूरक बनाएगा और पीएनजी को पहले से कहीं अधिक समावेशी बनाएगा.

### कुरकुरे ने पूरे किए 25 साल

इंदौर. पेप्सिको इंडिया का मशहूर देसी स्नैक ब्रांड कुरकुरे अपनी 25वीं सालगिरह मना रहा है. इस खास अवसर पर ब्रांड ने कुरकुरे ज्वार पफ्स' पेश किए हैं. बेक्ड कुरकुरे ज्वार पफ्स से लोगों को अपने पसंदीदा इन्ग्रेडिएंट्स का मॉडर्न फॉर्मेट में आनंद लेने का मजेदार और स्वाद से भरपूर मौका मिलेगा. इस बारे में अपने विचार साझा करते हुए पेप्सिको इंडिया में डायरेक्टर मार्केटिंग कुरकुरे एंड डोरिटोज आस्था भसीन ने कहा, 'पेप्सिको इंडिया में हमारे हर कदम के केंद्र में उपभोक्ता होते हैं. हमारा लक्ष्य भारत की समृद्ध खाद्य परंपरा से जुड़े रहते हुए लगातार उपभोक्ताओं के बदलते स्वाद एवं प्राथमिकताओं के लिए कुछ नया करते रहना है. कुरकुरे ज्वार पफ्स के साथ हमने हमेशा से खास माने गए इस अनाज को ऐसे फॉर्मेट में पेश किया है, जो आसानी से पहुंच में आने वाला है और जिसमें भरपूर रोमांच भी है. इसे देखकर सच में दिल से निकलता है कि इससे अच्छा क्या होगा. यह लॉन्चिंग ग्राहकों को खुश करने के साथ-साथ ऐसे इन्ग्रेडिएंट्स को खूबसूरती से प्रयोग करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो भारत की विरासत एवं भविष्य दोनों का प्रतिबिंब हो.

### टोयोटा ने रूमियन के सभी वैरिएंट्स में 6 एयरबैग्स

बेंगलुरु. टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने फैमिली व्हीकल, टोयोटा रूमियन में महत्वपूर्ण सुधार की घोषणा की है. कंपनी का यह कदम इसकी मजबूत सुरक्षा नीति और ग्राहकों पर सबसे ज्यादा ध्यान देने के इसके नजरिये से मेल खाता है. यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए एक सक्रिय कदम उठाते हुए, टीकेएम ने रूमियन के सभी वैरिएंट में छह एयरबैग्स (फ्रंट, साइड और कर्टेन शील्ड) पेश किए हैं. अब सभी वैरिएंट में संपूर्ण सुरक्षा के लिए दो फ्रंट एयरबैग, दो साइड एयरबैग और दो कर्टेन शील्ड एयरबैग मिलेंगे जो विभिन्न ड्राइविंग परिस्थितियों में ड्राइवर और यात्रियों के लिए अधिकतम सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं. टोयोटा ने टॉप- ग्रेड में टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम (टीपीएमएस) पेश किया है. यह एडवांस्ड फीचर टायर के दबाव की लगातार निगरानी करता है, जिससे सुरक्षा, ईंधन दक्षता और सहूलियत बढ़ती है। ये फीचर्स रूमियन को भारतीय परिवारों के लिए एक तकनीकी रूप से उन्नत एमपीवी के रूप में मजबूत बनाते हैं.